तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 30 मई 2025

14 कृषि की नवीनतम तकनीक, प्राकृतिक...



14 योग आयोग के अध्यक्ष ने योग पर की क्षेत्रवासियों ...






# NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो कोचिंग फीस नहीं: PCI भिलाई

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जुनुन बैच 2 जुन से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें NEET व JEE में चयन होने के बाद फीस लिया जाता है यदि चयन नही हुआ तो फीस नही लगेगा यह केवल 40 बच्चो के लिए ही है। क्योकि इस बैच में उच्च क्वालिटी के शिक्षक पढ़ायेंगे Zoology डॉ. सुदेश सर 15 वर्ष से अधिक अनुभव व कोटा के नामी शिक्षक है। बायोलॉजी में प्रत्येक वर्ष बहुत सारे छात्र शत प्रतिशत मार्क्स दिला रहे है और डॉ. रोहित सर जो एलेन कोटा में 15 वर्ष से अधिक अनुभव है वे इस बैच मे Botany पढायेंगें । केमेस्ट्री नितिन सर (IIT Delhi) व जे.पी. सिंह सर 20 वर्ष के अनुभव प्राप्त किए हुए शिक्षक पढायेंगे। फिजिक्स आजाद सर (IIT BHU) व आकाश सर (M.Tech) 12 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ायेंगे, गणित दिलीप सर (IIT BHU) 15 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ाएंगे जिसने देश के प्रतिष्ठित संस्थानो में कई बार 100 के अंदर रैंक दिए हुए है वे सब शिक्षक छात्रो को पढ़ाएंगे। छात्रो को प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास पढ़ाया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा लिया जाता है। स्टडी मेटेरियल, D.P.P. बच्चों को दिया जाता है। यहाँ रहने के लिए छात्रावास भी उपलब्ध है। हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं मे अच्छी रैंक हासिल करने के उम्मीद में कोचिंग फीस के रूप में एक बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता है। जिसके बाद सलेक्शन की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन अब PCI भिलाई से तैयारी करने वाले छात्रो को केवल NEET/JEE में सलेक्सन होने पर यानी NEET के छात्रो को शासकीय कॉलेज की सीट मिलने के बाद और JEE छात्रों को IIT/NIT कॉलेज में सीट मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होगा। केवल यह 40 छात्रों के लिए ही उपलब्ध है यह कोचिंग सेंटर भिलाई में 177, 178, 179 न्यू सिविक सेंटर में संचालित है अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 78801-68887, 83195-71812 पर संपर्क कर सकते हैं।

ADVT.


## खबर संक्षेप

### पीएम ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक की पत्नी को मिला 2 लाख




**चारामा।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा चारामा में 29 मई को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक बीमा धारक स्व. नरेश यादव पिता नारायण यादव निवासी वार्ड क्रमांक 13 चारामा का एसबीआई ब्रांच चारामा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाता है। हितग्राही के निधन होने के उपरांत उनकी पत्नी अन्नपूर्णा यादव को दो लाख का चेक जनपद पंचायत चारामा के सीईओ गोपाल सिंह कवंर, एडीशनल सीईओ बेनूराम सुकदेवे, एसबीआई ब्रांच मैनेजर पवन कुमार सिन्हा के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसबीआई के स्टाप एवं कियोस्क बैंक की टीम उपस्थित रहे।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए 30 को काउंसिलिंग



**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और स्व-रोजगार से जोड़ने लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर में 30-30 सीटों में जल वितरण संचालक एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी के अनुसार 30 मई को कॉलेज में प्रातः 10.30 बजे से शाम 04 बजे तक कांउसिलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है, वे शामिल हो सकते है।

### युवक की अज्ञात कारणों से हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत आमगांव निवासी 45 वर्षीय सतलाल धनेलिया का सीएचसी अंतागढ़ में मौत हो गई। सीएचसी अंतागढ़ से थाना अंतागढ़ में मर्ग डायरी पेश कर बताया गया कि मृतक की मौत 28 मई को सुबह साढ़े 10 बजें अज्ञात कारणो से हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### शराब बेचने वाले के खिलाफ हुई कार्रवाई



**कांकेर।** गोण्डाहुर और चारामा पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में देशी महुआ शराब और देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब को जप्त किया। गोण्डाहुर पुलिस ने 28 मई की शाम पीवी 133 में छापामार कार्रवाई करते हुए 52 वर्षीय प्रदीप चौधरी को पकड़ा। शराब कोचिए के कब्जे से 4 लीटर देशी महुआ शराब और नगद 50 रूपएं को जप्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं चारामा पुलिस ने 28 मई की शाम पौने 8 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए तेलगरा ▶▶|शेष पेज 12 पर

सावधानी : बस स्टैंड में पीछे खड़ी बसों में आमाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा

# नए बस स्टैंड में खड़ी बसों को हटाने के लिए यातायात व नगरपालिका ने दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

- अंधेरा होते ही शराबियों का लगने लगता है जमावड़ा, आसपास के लोग परेशान
- कांप्लेक्स में दुकानदार शेड लगाकर कर रहे है अतिक्रमण, हटाने की उठी मांग

नए बस स्टैंड परिसर में बेवजह बसों को खड़ा करके गैराज बना दिया गया है, जिससे दिक्कतें बढ़ने लगी है। परिसर में कई ऐसे भी बसीं खड़ी है, जिनका पंजीयन रद्द हो चुका है। अंधेरा होते ही इन बसों में जाम छलकने लगते है और कई आपत्तिजनक भी घटनाएं होने की बात सामने आई है। ऐसी शिकायत होने पर यातायात और नगरपालिका टीम मौके पर पहुँचकर बसों को हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है।

जानकारी के अनुसार नए बस स्टैंड परिसर में कई ऐसी बसें खड़ी रहती है, जिनका संचालन नहीं होता है। बस स्टैंड में बस को सवारी बैठाने और उतारने के लिए उपयोग किया जाना है, परंतु यहाँ पर कई बसों का ऐसा जमावड़ा रहता है, जैसे प्राइवेट बस संचालकों का गैराज है। इसके पहले भी जनप्रतिनिधियों एवं यातायात ने प्रयास किया, कुछ दिन व्यवस्था ठीक रही, उसके बाद फिर से जस का तस परिस्थितियाएं निर्मित हो गई। सवारियों को उतरने और चढ़ने की भी दिक्कत होती रहती है। शिकायत होने पर बस स्टैंड में बेतरीब ढंग से खड़ी होने वाली बसों को हटाने और उनको व्यवस्थित करने के लिए यातायात प्रभारी दीपक साव अपनी टीम के साथ 29 मई को बस स्टैंड पहुँचे, वहीं नगरपालिका की टीम भी मौके पर पहुँची। यातायात प्रभारी ने सभी वाहन मालिकों को अल्टीमेटम दिया गया कि बस स्टैंड में बस अपनी टाईमिंग के 10 से 15 मिनट पहले आएगी और सवारी को भरकर जाएगी, बेवजह जो बसें खड़ी रहती है, ऐसी बसें खड़ी नहीं रहेंगी। बेवजह खड़ी होने वाली बसों को चिन्हांकित कर उनके मालिकों को नोटिस दिया गया है।



### होटल वालों की लापरवाही उजागर

नए बस स्टैंड परिसर में हॉटल वाले गंदगी का आलम बनाकर रखे हुए है, उनको जितनी जमीन आवंटित है, उसके इधर उधर बेवजह कब्जा करके अपने सामान को फैलाए रहते है। हॉटल वाले आसपास गंदगी भी फेंक देते है, जिससे बदबू के कारण इधर से आना जाना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा एक हॉटल संचालक दुकान के बाहर शेड निकाल लिया है, जिसे हटाने के लिए कई बार शिकायत किया गया, परंतु उनके चहेते लोग उसे बचाने के लिए कई बार अफसरों पर दबाव बना चुके है। नए बस स्टैंड के कांप्लेक्स में कई दुकानदारों ने 10 से 12 फीट का शेड निकालकर अतिक्रमण करके रखा है, इन शेड को निकालने की माँग लगातार होते आ रही है। प्रदेश से लेकर नगरपालिका तक सरकार बदल गई है, नई टीम इन फैली अव्यवस्था को ठीक करवाने के लिए सामने आना चाहिए, तभी परिवर्तन नजर आएगा।



### नगरपालिका वसूल सकती है टैक्स तभी सुधरेगी व्यवस्था

नगरपालिका नियमानुसार बस स्टैंड में प्रवेश करने वाली बसों एवं अन्य व्यवसायिक वाहनों से प्रवेश करने पर टैक्स वसूल सकती है। बस स्टैंड नगरपालिका है, उसके मरम्मत के लिए नगरपालिका लाखों रूपएं खर्च करती है, परंतु बसों के मालिकों से टैक्स नहीं वसूला जाता है। नगरपालिका प्रबंधन को प्रस्ताव लाकर टैक्स वसूलकर उससे मिलने वाली रकम से बस स्टैंड का जीणोद्धार करने में सहूलियत होती रहेगी। नगरपालिका की नई टीम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

### अल्टीमेटम दिया गया है, अब होगी कार्रवाई

यातायात प्रभारी दीपक साव ने कहा कि सभी वाहन मालिकों को नोटिस देते हुए अल्टीमेटम दिया गया है। अल्टीमेटम दिए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं होता है, तो चिन्हांकित सभी वाहनो को जप्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

### कार्रवाई की जाएगी: नपाध्यक्ष

नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि नए बस स्टैंड में बेवजह गंदगी फैलाने वाले हॉटल और अतिक्रमण करके बेवजह शेड लगाने वालों को चिन्हांकित किया जाएगा। पहले चरण में उन सभी को समझाईश दिया जाएगा, उसके बाद भी नहीं मानने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रेडक्रॉस सदस्यों ने राज्यपाल से की चर्चा



**कांकेर।** जिले के प्रवास पर रहे राज्यपाल एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष रमेन डेका को रेडक्रॉस स्कार्फ पहनाकर सम्मान किया गया, वहीं राज्यपाल ने समीक्षात्मक चर्चा करते हुए आजीवन सदस्यता को बढ़ाने, छोटे-छोटे कार्यों के द्वारा आम लोगों को सहायता पहुंचाने, महिलाओं के कैंसर की स्क्रीनिंग करवाने, युवा वर्ग को रेडक्रॉस से जोड़ने की बात कही। जिला संगठक द्वारा जिले में रेडक्रास के गतिविधियों की जानकारी देते हुए विस्तृत जानकारी के फोल्डर सौंपा। इस अवसर पर जिला शाखा के चेयरमैन राज भारती, जिला संगठक पवन कुमार सेन, सदस्य अनुराग उपाध्याय, काउंसलर प्रदीप सेन, सदस्य पप्पू अजय मोटवानी शामिल रहे।

### कुआं में मिला बुजुर्ग का शव, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत मेड़ो निवासी 62 वर्षीय निजाम सिंह कोमरा कुआ में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। गुमड़ीडिही निवासी 60 वर्षीय बाबूलाल कोमरा ने पुलिस को बताया कि मृतक का शव घर के बाड़ी में बने कुआ में तैरता हुआ दिखा। मृतक का मौत पानी में डूबने से 27 से 28 मई के बीच हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

# परिवहन संघ भानुप्रतापपुर का चरणबद्ध आंदोलन हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भानुप्रतापपुर

- मांग पूरी होने के बाद ही खत्म होगा आंदोलन: परिवहन संघ



जिल के भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल और अंतागढ़ विकासखंड में लौह अयस्क खनिज के उत्खनन प्रारंभ होने के बाद परिवहन संघ के साथ सदैव दोहरा व्यवहार किया जाता रहा है। परिवहन संघ माईसं प्रबंधन और प्रशासन का कई बार समस्याओं से अवगत कराया गया, परंतु आज तक समस्याओं का निदान नहीं हाने से भानुप्रतापपुर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। भानुप्रतापपुर ट्रक परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशासन, माईंस प्रबंधन को अनेक ट्रक मालिकों की समस्याओं को लेकर अनेक बार आवेदन देने के पश्चात भी संघ की समस्या का निदान नहीं होने पर विवश होकर भानुप्रतापपुर परिवहन संघ द्वारा 28 मई से तहसील कार्यालय भानुप्रतापपुर के पास अनिश्चितकालीन चरणबद्ध धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया गया है। ट्रक मालिकों का कहना है कि गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड आरीडोंगरी माईंस कच्चे माईस प्रबंधन द्वारा भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के ▶▶|शेष पेज 12 पर



### महानिरीक्षक ने ससीब अंतागढ़ का किया निरीक्षण

**अंतागढ़।** महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ के द्वारा दो दिवसीय दौरे पर 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में वाहिनी मुख्यालय व समवाया का निरीक्षण किया गया।महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ रत्न संजय ने ससीब अंतागढ़ द्वारा सैनिक सम्मेलन में उपस्थित समस्त बलकर्मियों को ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया और साथ ही साथ समस्त बलकर्मियों को साइबर फर्म और देश सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के बारे में महत्वपूर्ण रूप से बताया गया। इस मौके पर प्रियव्रत शर्मा ▶▶|शेष पेज 12 पर

# नौतपा के बीच दंतेवाड़ा पहुंचा मानसून तीन दिन के भीतर अंचल में होगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

- मानसून ने प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में दी दस्तक

पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश के बीच अब मानसून ने भी प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में दस्तक दे दी है। दंतेवाड़ा में 17 दिन पहले मानसून आने से यह तय है कि कांकेर अब अगले दो से तीन दिनों में मानसून के अंचल पहुंचने की संभावना जताई गई है। ज्ञात हो कि इस बार मानसून की एंट्री लगभग दस दिन पहले हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून का प्रवेश हो गया है। दक्षिण पश्चिम मानसून अगले दो दिनों ▶▶|शेष पेज 12 पर

### गरज-चमक के साथ हो सकती है बारिश



मौसम विभाग के मुताविक सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव के साथ-साथ कांकेर में भी गरज चमक, बिजली और अचानक तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। जिले में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यत दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### नहीं तप रहा नौतपा

पिछले 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो गई है, जिसका समापन दो जून को होगा। आमतौर पर नौतपा के दौरान तापमान अपने चरम पर होता है, लेकिन इस बार मानसून की एंट्री जल्द होने से नौतपा भी ठंडा रहा। नौतपा के पाँच दिन निकल गए, परंतु नौतपा जैसी गर्मी का एहसास आमजनता को नहीं हुआ। उमस के चलते आमजनता दिनभर परेशान रही।

विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ, 2 जून तक चलेगा

# कृषि की नवीनतम तकनीक व प्राकृतिक खेती के प्रति किसान होंगे जागरूक, अभियान 12 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

- कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग की पहल

कृषि क्षेत्र में कृषकों के प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से कृषि और किसान को सम्पन्न बनाने की दिशा में देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान का 29 मार्च से शुभारंभ किया गया, जो 12 जून तक चलेगा। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए सलाह भी देंगे। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जिले के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि उद्यानिकी, पशु पालन एवं मछली पालन विभाग के सहभागिता से अभियान को सम्पूर्ण जिले में क्रियान्वित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य प्रमुख खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों के मध्य जागरूकता का निर्माण एवं प्राकृतिक खेती करने की विधि बताई जाएगी। इसी प्रकार विभिन्न कृषकोन्मुखी शासकीय योजनाओं एवं नीतियों के संबंध में प्रचार-प्रसार के साथ मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसा के आधार पर उर्वरक तथा सूक्ष्म तत्वों की आवश्यक मात्रा के निर्धारण के लिए कृषकों को जागरूक करते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा सूचना और संचार ▶▶|शेष पेज 12 पर

### तैयार किए जा रहे 4 दल

उप संचालक कृषि ने बताया कि इस अभियान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मछलीपालन विभागों के मैदानी अमलों को समाहित करते हुए जिले में न्यूनतम 04 दल तैयार किए जा रहे हैं। प्रत्येक दल के साथ एक कृषि रथ रहेगा, जो दल के प्रवास उपयोग के अलावा दृश्य-श्रव्य साधनों से प्रचार-प्रसार भी करेगा। प्रत्येक दल प्रतिदिन न्यूनतम दो ग्रामों में कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद तथा परिचर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान पीएम किसान, डिजिटल एग्रीकल्चर एवं अन्य विभागीय योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन एवं योजनांतर्गत लाभ लेने के लिए चयन किया जाएगा। जिले में स्थित एफपीओ लखपति दीदी समूह तथा अन्य उत्पादक समूहों एवं कृषकों के मध्य परिचर्चा द्वारा विपणन, स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण गतिविधियों का विकास तथा नव विकसित तकनीकों यथा ड्रोन, स्थानीय स्तर पर जैविक कीटनाशी का निर्माण के संबंध में यथासंभव जीवंत प्रदर्शनों का आयोजन किया जाएगा।

### नेचुरल फार्मिंग की दी जाएगी जानकारी

इसके अलावा उच्चहन भूमियों में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं मक्का उत्पादन, विभिन्न विभागीय योजनाओं जैसे नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल सीड के संबंध में जानकारी प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही धान की डीएसआर पद्धति, पैडी ट्रांसप्लांटर से रोपाई की जानकारी तथा आवश्यकतानुसार कृषि बीज और बीज मिनीकिट का जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरण किया जाएगा।

# कांकेर के वार्डों में नलकूप खनन से शहवासियों को मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

- खनन प्रारंभ से पहले नपाध्यक्ष ने की पूजा

नगरपालिका कांकेर के विभिन्न वार्डों में जल संकट की समस्या को देखते हुए नगरपालिका के द्वारा नलकूप खनन कराया जा रहा है। नलकूप खनन प्रारंभ करने के पहले नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक के द्वारा पूजन किया गया। गर्मी के दिनों में कांकेर के कुछ वार्डो में जल संकट गहरा जाता है । भूजल स्तर नीचे चले जाने के कारण बोर भी काम नही करता। नगर पालिका द्वारा जल संकट को देखते हुए पानी टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाती है। गर्मी के दिनों में गहराते जल संकट को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने शहर के एमजी वार्ड, मरीन ड्राइव, शिव नगर बीटीआई के पास व शीतला पारा में नलकूप खनन का कार्य करवाया गया, जिससे लोगो को पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से हो और गर्मी में किसी को भी जल संकट का सामना न करना पड़े । इससे एक माह पूर्व भी कांकेर के विभिन्न वार्डो में नलकूप खनन कराया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि शहर की समस्या के समाधान के प्रति नगर पालिका प्रतिबद्ध है ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पत्रकार असुरक्षित, बुधराम का तीखा हमला



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के बड़े डोंगर साप्ताहिक बाजार में पुलिस द्वारा एक ग्रामीण के साथ मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना को उजागर करने वाले पत्रकारों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा है कि सुशासन के नाम पर चल रही सरकार में अब पत्रकार भी सुरक्षित नहीं हैं। नेताम ने आरोप लगाया कि मारपीट की घटना सामने आने के बाद, पुलिस ने अपनी छवि बचाने के लिए पत्रकारों को ही आरोपी बना दिया है। उनके अनुसार, 10 से 12 मई के बीच इस मुद्दे को मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाया गया लेकिन इसके बाद पुलिस ने पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना और थाने बुलाकर पूछताछ करना शुरू कर दिया। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया। मारपीट की घटना का वीडियो 9 मई को वायरल हुआ था। जिसमें पुलिस एक ग्रामीण से बीच बाजार मारपीट करते दिखी। वीडियो के आधार पर संबंधित सहायक उपपुलिस निरीक्षक को लाइन अटैच किया गया लेकिन नेताम का कहना है कि वर्दी का ऐसा दुरुपयोग कानून और मानवाधिकारों के खिलाफ है। बुधराम नेताम ने इस पूरे प्रकरण को उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत से जोडा और आरोप लगाया कि सरकार मीडिया की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है।

### राज्यपाल आज आएंगे बीजापुर

**बीजापुर।** राज्यपाल रमेन डेका बीजापुर जिले में 30 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान कलेक्टोरेट के इन्द्रावती सभाकक्ष प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी करेंगे।

### दिव्यांग सूचित के आवेदन पर मिली सहायता

**जगदलपुर।** सुशासन तिहार के माध्यम से कई जरूरतमंद लोगों की समस्या एवं मांग का तत्काल निदान हो रहा है, जिससे ऐसे आमजन शासन-प्रशासन की त्वरित पहल के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं। शहर के समीपस्थ आड़ावाल निवासी दिव्यांग सूचित पाण्डे अपने आवेदन पर तुरंत लाभान्वित करने के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताते हैं कि वह बुधवार को कलेक्टर हरिस एस से भेंटकर बैसाखी के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने तत्काल पहल किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए और गुरुवार को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मुझे बैसाखी प्रदान किया गया।

# कोंडागांव में प्री-मानसून की बारिश से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में बीते तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जो प्री–मानसून के संकेत दे रही है। ग्राम हरवेल, बालेंगा, पिढ़ापाल, गम्हरी, धामनपुरी, पिटीसपाल, तितरवंड और किबड़ा सहित कई गांवों में तेज बारिश दर्ज की गई है। हरवेल और पिटीसपाल जैसे क्षेत्रें में सड़क किनारे खेतों में पानी भर गया है। जिससे खेतों और नहरों में जलभराव की स्थिति बन गई है। इससे किसानों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

अलग खबर

**प्री–मानसून की दस्तक : बड़ेराजपुर क्षेत्र में जमकर हुई बारिश**

**रखे ये सावधानी**

तेज हवाओं और गरज–चमक के कारण नागरिकों से अपील की जाती है कि वे असुरक्षित स्थानों, पेड़ों के नीचे या बिजली के खंभों के पास खड़े न हों।



**कृषि के लिए अनुकूल संकेत**

बारिश की यह लहर खरीफ फसलों की तैयारी में जुटे किसानों के लिए राहत लेकर आई है और मिट्टी की नमी में भी वृद्धि हुई है, जो आगामी बुवाई कायोंर् के लिए अनुकूल मानी जा रही है।

**मौसम विभाग का अनुमान** – मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से निचले स्तर पर नमी की आपूर्ति जारी है, जिससे प्रदेश में बारिश हो रही है। विभाग ने आगामी चार दिनों तक प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा के साथ गरज–चमक और अंधड़ की संभावना जताई है।

**गुरुवार की स्थिति** – गुरुवार को कोंडागांव सहित बड़ेराजपुर क्षेत्र में भी गरज–चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार, ऐसी स्थिति अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है।

## खबर का असर: नगरवासियों ने हरिभूमि को दिया धन्यवाद

# डिवाइडर में लगे पेड़-पौधों की नगर पंचायत ने की शुरू कटाई-छंटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



नगर पंचायत क्षेत्र में नेशनल हाईवे के डिवाइडरों पर शहर की सुंदरता और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सुगंधित और आकर्षक पेड़-पौधों को लगाये गया है। हालांकि, लंबे समय से इनकी नियमित देखरेख और कटाई-छंटाई नहीं होने के कारण अब ये पौधे काफी बड़े हो गए थे और कई जगहों पर डिवाइडर से निकलकर सड़क पर फैल गए थे।

इस वजह से हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, कुछ मामलों में राहगीरों को सड़कों पर फैली डालियों से चोट भी पहुंची है। इतना ही नहीं, पेड़ों की अधिक ऊंचाई और घनत्व के चलते सड़क के एक ओर से दूसरी ओर देख पाना भी मुश्किल हो रहा था , जिससे दुर्घटना की संभावना लगातार बनी हुई थी।


हाइवे डिवाइडर पर फैले पेड़-पौधे बने राहगीरों की मुसीबत

स्थानीय नागरिकों ने समाचार पत्र के माध्यम से बड़े हुए पेड़ पौधों की कटाई छटाई करने की मांग की थी। जिसे हरिभूमि समाचार पत्र में 25 मई रविवार को प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया । खबर प्रकाशित होने के बाद को उच्च अधिकारियों ने संज्ञान में लिया जिसके बाद बुधवार से फरसगांव नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नेशनल हाइवे के डिवाइडर में लगे पेड़ पौधों की कटाई छंटाई शुरू कर दिया है। अब राहगीरों और नगरवासियों को पहले होने वाली परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा, साथ ही पेड़ पौधों से हादसे होने की संभावना भी कम रहेगी। खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करने के बाद हुई कार्यवाही के लिए नगरवासियों ने हरिभूमि समाचार पत्र को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा का जिले में हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विधायक लता उसेंडी ने हरी झंडी दिखाकर किसान रथ को किया रवाना

विकसित कृषि संकल्प यात्र का जिले में आज बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने एसडीएम कार्यालय परिसर से शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने आज सुबह तीन किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पूर्व विधायक सेवकराम नेताम भी उपस्थित रहे।

भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रलय, नई दिल्ली द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। यह रथ निर्धारित शिविरों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी। इस रथ में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प यात्र में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक जैविक खेती, उन्नत बीज, उन्नत कृषि यंत्र संतुलित उर्वरक, जल संरक्षण, मूल्य संवर्धन, पशु पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी फसलों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# अजीत जोगी की मूर्ति खंडित, जनता कांग्रेस और बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने जताई कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- दोषियों पर कार्रवाई की मांग, कोंडागांव कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री और प्रदेश के स्वप्न दृष्टा स्वर्गीय अजीत जोगी की गौरेला–पेंड्रा में स्थापित मूर्ति को अराजक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया। इस घटना ने पूरे राज्य में आक्रोश की लहर दौड़ा दी है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ और बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की अस्मिता पर सीधा हमला बताया है।



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह घटना दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राज्य के पहले मुख्यमंत्री और इतिहास पुरुष का अपमान है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ और बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि अजीत जोगी केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य की भावना और स्वाभिमान के प्रतीक थे। इस तरह की हरकतें छत्तीसगढ़ की धरती पर किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं हैं। यदि प्रशासन द्वारा समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

**ये रहे मौजूद** – आंदोलन के दौरान उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों में संभाग उपाध्यक्ष भारत कौशिक, बस्तर संभाग युवा मोर्चा अध्यक्ष विनोद शोरी, जिला महामंत्री उदय भंडारी, पीलू विश्वकर्मा, चामसिंह कश्यप, अगेश नेताम, चंदन नेताम, भंडारी राम बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ की जनता इस अपमान को कभी नहीं भूलेगी और न्याय के लिए संघर्ष करती रहेगी।

# फरसगांव में नगरवासियों व जनप्रतिनिधियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर गुरुवार को फरसगांव नगर पंचायत परिसर के आसपास और अस्पताल परिसर के सामने स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद स्कूल मैदान में फैली कचरों की साफसफाई की गईं और जैव विविधता को भी संरक्षित करने की दिशा में कदम उठाया गया।

नगर पंचायत फरसगांव अध्यक्ष प्रशांत पत्र ने बताया कि इस स्वछता अभियान में उम्मीद समाजिक संस्था, नगर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी व नगरवासी शामिल हुए. वहीं सफाई के दौरान सभी ने संकल्प लिया कि महीने में 2 दिन स्वच्छता अभियान के तहत नगर के सार्वजनिक भवन, धार्मिक स्थल जैसे जगहों पर श्रमदान कर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता की प्रति कार्य किया जाएगा। जिसके लिये अन्य आम जन को भी इस अभियान में शामिल होने के लिये अपील किया है. स्वच्छता अभियान के दौरान नपं अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, नपं सीएमओ पवन मेरिया, पार्षद शैल सेठिया, रीता गौतम, संगीता राव, राजकुमारी नेताम, जनक नेताम, विनोद पांडे, नरेंद्र गौर, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण राव, उम्मीद सामाजिक संस्था से फिरोज मेमन, डिक्की जायसवाल, राम कुमार भारद्वाज, विजय साहू, सहित भाजपा के पदाधिकारी, सदस्य, व्यापारिजन, पुलिस के जवान, अस्पताल विभाग के अधिकारी कर्मचारी, नगर पंचायत के कर्मचारी और नगरवासी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### परिवहन संघ भानुप्रतापपुर...

हितों के प्रति लगातार कुठाराघात किया जा रहा है। माईस प्रबंधन द्वारा कच्चे परिवहन संघ के अनुपात में भानुप्रतापपुर परिवहन संघ को 100 रूपएं प्रतिटन कम दर पर भुगतान करना, केमिकल युक्त आयरन ओर का संपूर्ण परिवहन भानुप्रतापपुर परिवहन संघ को ही दिया जाना, जिससे वाहनों को क्षति पहुंचना, माईस पहुंचने वाली वाहनों की कतार अनुसार लोडिंग न करवाकर प्रथम परिवहन संघ की वाहनों की पहले लोडिंग करवाई जाती है, जिसके पश्चात भानुप्रतापपुर परिवहन संघ की वाहनों की लोडिंग करवाया जाता है। कूटरचना कर परिवहन अनुपात 36 प्रतिशत से कम कर देने जैसी समस्या से जूझते हुए परिवहन संघ ने वाहन मालिकों की विवशता एवं लगातार हो रही हानि के कारण उक्त कदम उठाया है तथा शांतिपूर्वक चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ कर दिया गया है। समस्याओं का शीघ्र निराकरण न होने की स्थिति में गंभीर आंदोलन की चेतावनी भी प्रशासन एवं माईस प्रबंधन को दी गई है। चरणबद्ध आंदोलन में भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### महानिरीक्षक ने...

, कार्यवाहक उप-महानिरीक्षक क्षेत्र मुख्यालय मिलाई, अरुण देवगम व साथ ही 20 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अंतागढ़ वाहिनी मुख्यालय व इसके अंतर्गत समस्त समवाय में हो रहे कार्यों एवं दायित्वों के बारे में कमांडेंट 28 वीं वाहिनी अंतागढ द्वारा विस्तृत जानकारी दिया गया।

### नौतपा के बीच...

में उत्तर पूर्व के बचे हुए राज्य, छत्तीसगढ़ के कुछ और भाग, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के कुछ भाग और सिक्किम में पहुंचने की संभावना है। एक चिन्हित कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी उड़ीसा तट से दूर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह ऊंचाई के साथ दक्षिण दिशा में झुका हुआ है। इसके धीरे-धीरे उत्तर की ओर आगे बढ़ते हुए और प्रबल होकर अवदाब के रूप में उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 70 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका पश्चिमी राजस्थान से उत्तर छत्तीसगढ़ तक पूर्वी राजस्थान मध्यप्रदेश होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक विंडशियर जोन 17 डिग्री उत्तर में 3.1 कमी से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह ऊंचाई के साथ दक्षिण दिशा में झुका हुआ है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभ मंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 55 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है।

### शराब बेचने...

निवासी 30 वर्षीय डोमार सिंह मंडावी के कब्जे से 4 नग सिम्बा बियर, जिसकी कीमत 800 रूपएं, 12 नग देशी प्लेन शराब कीमत 960 रूपएं कुल 1 हजार 760 रूपएं की शराब को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### कृषि की नवीनतम...

प्रौद्योगिकी एवं आधुनिक यंत्रों के उपयोग से स्मार्ट कृषि तथा कृषकों से प्राप्त सुझाव एवं समस्याओं तथा कृषकों द्वारा किए गए नवाचारों के संबंध में जानकारियों का संकलन के आधार पर आवश्यक अनुसंधान प्राथमिकताओं का निर्धारण किया जाएगा।

### कांकेर के वार्डों...

और राज्य में भाजपा की सरकार का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर पार्षद हितेंद्र खटवानी, पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, दिनेश रजक, नरेश परिहर, अविनाश नेगी, नरेंद्र साहू, शकुंतला जैन, शोभा सोनी, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, युजवेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेंद्र गुप्ता, पंडित धर्मेंद्र मिश्रा, शिव मंदिर समिति के सदस्य व नागरिकगण उपस्थित रहे।

## विवि की स्वायतता का दुरुपयोग, इंटरव्यू की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं करवाई

**जगदलपुर।** विवि की भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले असफल अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि विवि ने अपनी स्वायत्तता का दुरुपयोग करते हुए इंटरव्यू की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं करवाई। बिना वीडियो रिकॉर्डिंग के इंटरव्यू कंडक्ट होने पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। अब जब असफल होने वाले अभ्यर्थी सफल अभ्यर्थियों के इंटरव्यू के ब्योरा मांग रहे हैं तो उन्हें यह नहीं दिया जा रहा है। इस पर विवि का कहना है कि वह स्वायत्त संस्था है और वह चाहे तो वीडियो रिकॉर्डिंग करवा सकती है और चाहे तो नहीं। इसके लिए उसे बाध्य नहीं किया जा सकता है। अगर किसी विवि में रिकॉर्डिंग करवाई गई है तो वह उनका निर्णय है। असफल अभ्यर्थी बताते हैं कि उनका एकेडमिक रेशियो हाई था।

# गंगालूर में उपकेन्द्र का शुभारंभ, 4335 घरों को नियमित और बेहतर बिजली सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अधिकारियों को दी गई तत्काल समस्या निवारण की जिम्मेदारी

विद्युत कंपनी बस्तर संभाग के सातों जिलों में विभिन्न योजनाओं से हर घर को रोशन करने में जुटा हुआ है, यहां तक उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा देने का प्रयास कर रहा है। इस पर कंपनी के ईडी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर उपभोक्ताओं से बिजली की सेवा पर चर्चा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अद्योसंरचना विकास योजनांतर्गत ग्राम गंगालुर में 33,11 केव्ही उपकेन्द्र को 28 मई को चार्ज किया गया है। जिसमें गंगालूर क्षेत्र के 40 ग्रामों में 11 केव्ही लाईन 210 किमी, ट्रांसफार्मर 190 नग, एलटी लाईन 51 किमी एवं 4335 उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्वक नियमित विद्युत आपूर्ती की जाएगी। गंगालूर क्षेत्र 38 ग्रामों को नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत विद्युतीकृत किया जा रहा है। साथ ही गंगालूर फीडर चार्ज होने से नुकनपाल में बेहतर बिजली सेवा की, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली और बार-बार बिजली बंद होने से छुटकारा मिला। चार्ज के दौरान ईडी के साथ अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, बीजापुर के कार्यपालन अभियंता आदि शामिल रहे।





**डीई, एई, जेई को दिए निर्देश**

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के डीई, एई, जेई को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की शिकायत पर स्थल पर पहुंचे और बिजली संबंधित समस्या का निराकरण करें।

# चिंतागुफा थाना क्षेत्र के बोट्टेतोंग जंगल से नक्सलियों का डंप विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र स्थित बोट्टेतोंग के जंगल से गुरूवार सुबह सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा डंप किया गया, विस्फोटक बरामद किया है। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों द्वारा जंगल में विस्फोटक डंप किया गया था, जो सुरक्षाबलों की सक्रियता से बरामद किया गया।




जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मेट्टागुडा कैंप से जिला बल व कोबरा 203 बटालियन की सयुंक्त टीम रवाना हुई थी। अभियान के दौरान गुरूवार सुबह लगभग 10:30 बजे ग्राम बोट्टेतोंग के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छुपाकर रखे भारी मात्रा में बीजीएल सेल विस्फोटक सामग्री, बीजीएल सेल निर्माण सामाग्री व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया।

## खबर संक्षेप



### चनार में हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम

**कांकेर।** विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम पंचायत चनार में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक रखा गया था। सर्वप्रथम छतीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर दिनेश कुमार कुंजाम द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं खाद बीज भंडारण वितरण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उन्नत तकनीको, नई किस्मों, जैविक खेती, खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों की आधुनिक तकनीक मृदा परीक्षण, खेत की तैयारी, बीज का चयन एवं बीजोपचार, संतुलित उर्वरक का उपयोग, समन्वित कीट प्रबंधन, फसल चक्र परिवर्तन, समन्वित कृषि प्रणाली, केंद्र प्रवर्तित योजनाएं, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान पर विस्तार पूर्वक दिया गया।

### स्व-सेवकों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण हुआ

**जगदलपुर।** भारत सरकार के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ सरकार के अंतर्गत महानिदेशक, निदेशक अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं रायपुर तथा कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में गुरुवार को नगर सेना कार्यालय मे ऑपरेशन सिंदूर के बाद नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत देश की सेवा करने आए 200 स्व सेवकों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान युद्ध एवं आपदा की स्थिति में किस प्रकार से ब्लैक आउट के दौरान आम जनता को जागरुक कर सकते हैं, कैसे उसके प्रभाव से बचाया जा सकता है। चेतावनी सायरन, बजने पर क्या-क्या कार्रवाई होगी और हम क्या-क्या कार्यवाही करके बच सकते हैं । साथ ही आपदा की स्थिति होने पर स्वयं सेवकों को बचाव के 10 आकस्मिक तरीके, विभिन्न प्रकार के गठानें, प्रथमोपचार करने के तरीके जिसमें विभिन्न प्रकार की पट्टीयों को बाँधने के तरीके के बारे में जानकारी दी गई।

### मंगनार में हुआ हर घर जल प्रमाणीकरण उत्सव

**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत मंगनार में हर घर जल उत्सव का आयोजन कर ग्राम पंचायत को हर घर जल प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र दिया गया।

## निधन

### लव कुमार आमला



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम कालागांव निवासी 35 वर्षीय लव कुमार आमला का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कालागांव में किया गया, जिसमें ग्रामीण व रिश्तेदार उपस्थित रहें।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोड़ेकुर्सी थानांतर्गत चाउरगांव निवासी 50 वर्षीय बीरसिंह ध्रुव ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डोंगरीपारा कोड़ेकुर्सी निवासी 51 वर्षीय कृष्ण कुमार ध्रुव ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**शिविर : मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पारदर्शिता और समयबद्ध समस्या निवारण**

# पचांगी में पहुंचा प्रशासन, ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, निराकरण का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

समधान शिविर का आयोजन विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतिम छोर ग्राम पचांगी में हुआ। सभी विभाग के सम्बंधित कर्मचारियों ने सुशासन त्यौहार में प्राप्त आवेदन के निराकरण एवं उचित कार्यवाही के सम्बंधित जानकारी साझा किया।

जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि ग्राम पंचायत पचांगी में श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियावंयन सुनिश्चित करने के साथ आम जनता के समस्याओ का समयबद्ध निराकरण करने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में ग्राम पचांगी में समाधान शिविर का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन प्रदेश के प्रत्येक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओ को दूर करने का एक साधन है। सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। हमारे बस्तर क्षेत्र में आज भी कई लोग बाहर जाने में हिचकीचाते है।



### सुशासन की पहचान पारदर्शिता, जवाबदेहीः पीलम नरेटी

पीलम नरेटी जनपद सदस्य ने कहा कि सुशासन यह मापने की प्रक्रिया है कि सार्वजनिक संस्थाएँ किस तरह सार्वजनिक मामलों का संचालन करती हैं और सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन करती हैं और मानवाधिकारों की प्राप्ति की गारंटी देती हैं, जो अनिवार्य रूप से दुरुपयोग और भ्रष्टाचार से मुक्त हो और कानून के शासन के लिए उचित सम्मान के साथ हो। सुशासन की पहचान पारदर्शिता, जवाबदेही, भागीदारी, कानून का शासन, प्रभावशीलता, दक्षता और जवाबदेही से होती है। ये विशेषताएं सुनिश्चित करती हैं कि शासन निष्पक्ष, प्रभावी और समावेशी हो, जिससे अंततः एक स्थिर और समृद्ध समाज का निर्माण हो। आज इस शिविर के माध्यम से आप सभी की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है जिससे हमारे क्षेत्र में विकास की गति बढ़ने वाली है और हर समय हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की देव तुल्य जनता के लिए काम करने में हर पल आपके साथ है।

### जल संरक्षण की ली शपथ

अतिथियों के माध्यम से 28 हितग्राहियो को राशन कार्ड वितरण, 35 पेंशन हितग्राहियो को स्वीकृति आदेश वितरण किया गया है, जिनके खाते में माह जून से पेंशन राशि आना प्रारम्भ हो जाएगा, कृषि विभाग से 8 कृषको को मक्का बीज वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों के माध्यम से खाद्य विभाग के द्वारा 24 हितग्राहियो को राशन कार्ड, कृषि विभाग से 05 हितग्राहियो को मक्का बीज, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियो को चाबी और 5 हितग्राहियो को स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया और जल संरक्षण की शपथ ली।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में क्षेत्र के क्षेत्रवासी सहित, अनुविभागीय अधिकारी गंगाधर वाहिले, तहसीलदार केतन भोयर, जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र बंजारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, बीआरसी लतीफ सोम, महिला बाल विकास अधिकारी आर वट्टी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग वायके गुरु, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अल्का ठाकुर, उद्यानिकी विभाग बिंदा पोटाई, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एसएल नरेटी, मंडल संयोजक बैजनाथ नरेटी, पंचायत इंस्पेक्टर आरके किशोरे, बीपीएम नंदिनी दीवान सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# महाविद्यालय में हुआ कैंपस प्लेसमेंट 8 विद्यार्थियों को मिला रोजगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 28 मई को एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी युग के अनुरूप तैयार करना और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना था। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन प्रिज्म कॉलेज,भिलाई के सहयोग से किया गया,जिसमें विशेषज्ञ वक्ता के रूप में संस्था के निदेशक रूपेश कुमार गुप्ता आमंत्रित थे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं,एप्टीट्यूड टेस्ट,रीजनिंग स्किल,इंटरव्यू के लिए तैयारी, ग्रुप डिस्कशन की तकनीकें तथा कॉर्पोरेट जगत की कार्यसंस्कृति (वर्क कल्चर) से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि आज की कॉर्पोरेट दुनिया केवल किताबी ज्ञान पर आधारित नहीं है, बल्कि उसमें संचार कौशल, समस्या समाधान क्षमता, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता जैसे गुणों की भी आवश्यकता होती है। उनकी प्रस्तुति प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रही, जिससे छात्रों को आत्ममूल्यांकन और सुधार की दिशा में स्पष्ट मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुशील दत्ता ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कैरियर निर्माण केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें लगातार कौशल वृद्धि, व्यवहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास की भी आवश्यकता होती है। इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को न केवल प्लेसमेंट के अवसर मिलते हैं बल्कि वे खुद को पेशेवर रूप से विकसित भी कर पाते हैं।

# धर्मनाथ जिनालाय की 50 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ नई ध्वज चढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शुक्रवार को जैन मंदिर धर्मनाथ जिनालय के स्वर्ण जयंती महोत्सव के मुख्य दिवस में पूरे भक्ति भाव, श्रद्धा व उल्लास के साथ पूजन के साथ नई ध्वजा चढ़ाई गई 1 जैन परम्परानुसार जिस दिन मंदिर क़ी वर्षगांठ होती है, उस दिन मंदिर में सत्रहभेदी पूजा का आयोजन होता है जिसमें ध्वज पूजा जब होती है तब मंदिर के शिखर में नई ध्वजा चढ़ाई जाती है। आज सुबह सबसे पहले ध्वजा चढ़ाने के लाभार्थी परिवारों के यहाँ से गुरु भगवंतों व समाज के सदस्यों के साथ गाजे बाजे के साथ ध्वजा मंदिर लाई गई। मंदिर में विशेष पूजा प्रारम्भ हुई और दोपहर 12.36 बजे ध्वज पूजा के समय सभी नई ध्वजारोहण के साक्षी बने। गुरु भगवंतों के साथ बहुत बड़ी संख्या समाज के स्त्री, पुरुष व बच्चे ध्वजारोहण के समय उपस्थित थे, मंदिर क़ी छत, ज्ञान वल्लभ आराधना हॉल क़ी छत, दादाबाड़ी क़ी छत व आसपास के मकानों क़ी छतों से लोग हर्षित भाव से कार्यक्रम में शामिल हुए। आज का विशेष पूजन करवाने सूरत से निलेश भाई शाह आये थे जिन्होंने पूजा के गहन भावों को समझाते हुए पूजा संपन्न करवाई। आज धर्मनाथ जिनालय व दादाबाड़ी का 51 वां ध्वजारोहण लाभार्थी परिवारों द्वारा संपन्न हुआ।



मंदिर की ध्वजा किशोर कुमार कमलेश कुमार पारख परिवार व दादाबाड़ी क़ी ध्वजा मदनलाल अजीतकुमार पारख परिवार क़ी ओर से चढ़ाई गई। पपु विवेक सागर मसा ने बताया कि जगदलपुर वासियों पर प्रभु धर्मनाथ की असीम कृपा बरस रही है। हमें उनका आशीष प्राप्त करने के लिये उनके पास जाना होगा, उनकी सेवा पूजा भक्ति करनी होगी। प्रभु हमेशा जीवन को शीतल बनाते है।

### मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक ने भजनों का गंगा बहाया

कल 28 मई की रात्रि में भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक पारस गड़ा,मुंबई ने भजनों की गंगा बहा दी, पूरा पंडाल खचाखच भरा हुआ था और लोग भजनों पर झूम रहे थे। उन्होंने आज आनंद अंग अंग जाग्यो, हु बाल तमारो छूँ तमारो वाल चाहूँ छूँ, प्रभु आवसे ने लई जासे, परमात्मा बन जासे मारो आत्मा, तू खूब मने गमे छे मारा व्हाला प्रभु, वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे,जय जय गढ़वो गिरनार, अन्तर मा अंतरिक्ष जी, गिरनारे प्रभु नेम छे, सामे जुओ नी म्हारे सामे जुओ जैसे प्रसिद्ध भजनों से सबको भक्ति रस में डुबो दिया था और उनका प्रसिद्ध भजन नेमरस जब गाया तो झूमने से स्वयं को कोई रोक नहीं पाया ।

### ध्वजारोहण में शहर समेत अनेक शहरों से पहुंचे धर्मवलम्बी

आज ध्वजारोहण के पावन प्रसंग में जगदलपुर जैन समाज के साथ कई शहरों से नगरों से धर्मवलम्बी पहुंचे थे। जैन समाज ने महीनों पूर्व दूसरे शहरों में रहने वाली जगदलपुर की बहन बेटियों से निवेदन करना शुरू कर दिया था।

# कृषि की नवीनतम तकनीक, प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में

- फसलों की उन्नत तकनीकों और प्राकृतिक खेती पर जागरूकता अभियान

कृषकों के प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से कृषि और किसान को संपन्न बनाने की दिशा में 29 मई को विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत तरहुल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



देशव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान आजव से प्रारंभ होकर आगामी 12 जून तक करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकास खंड दुर्गूकोंदल के कृषि उद्यानिकी, पशु पालन एवं मछली पालन विभाग के सहभागिता से अभियान को सम्पूर्ण जिले में क्रियान्वित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य प्रमुख खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों के मध्य जागरूकता का निर्माण एवं प्राकृतिक खेती करने की विधि बताई जाएगी। इसी प्रकार विभिन्न कृषकोन्मुखी शासकीय योजनाओं एवं नीतियों के संबंध में प्रचार-प्रसार के साथ 'मृदा स्वास्थ्य पत्रक' की अनुशंसा के आधार पर उर्वरक तथा सूक्ष्म तत्वों की आवश्यक मात्रा के निर्धारण के लिए कृषकों को जागरूक करते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना है। इसके अलावा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी एवं आधुनिक यंत्रों के उपयोग से स्मार्ट कृषि तथा कृषकों से प्राप्त सुझाव एवं समस्याओं तथा कृषकों द्वारा किए गए नवाचारों के संबंध में जानकारियों का संकलन के आधार पर आवश्यक अनुसंधान प्राथमिकताओं का निर्धारण किया जाएगा। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एसएल नरेटी एवं उद्यान अधीक्षक संदीप शोरी ने बताया कि इस अभियान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मछलीपालन विभागों के मैदानी अमलों को समाहित करते हुए जिले में न्यूनतम 4 दल तैयार किए जा रहे हैं। प्रत्येक दल के साथ एक कृषि रथ रहेगा, जो दल के प्रवास उपयोग के अलावा दृश्य-श्रव्य साधनों से प्रचार-प्रसार भी करेगा। प्रत्येक दल प्रतिदिन न्यूनतम दो ग्रामों में कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद तथा परिचर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान पी.एम. किसान, डिजिटल एग्रीकल्चर एवं अन्य विभागीय योजनाओं हेतु पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन एवं योजनांतर्गत लाभ लेने हेतु चयन किया जाएगा। जिले में स्थित एफ.पी.ओ. लखपति दीदी समूह तथा अन्य उत्पादक समूहों एवं कृषकों के मध्य परिचर्चा द्वारा विपणन, स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण गतिविधियों का विकास तथा नव विकसित तकनीकों यथा ड्रोन, स्थानीय स्तर पर जैविक कीटनाशी का निर्माण के संबंध में यथासंभव जीवंत प्रदर्शनों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार कृषकों को वितरित मृदा स्वास्थ्य पत्रक के संबंध में कृषक-वैज्ञानिक प्रत्यक्ष परिचर्चा के माध्यम से जागरूक कर डीएपी उर्वरक के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरकों तथा सूक्ष्म तत्वों के उपयोग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा उच्चहन भूमियों में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं मक्का उत्पादन, विभिन्न विभागीय योजनाओं जैसे नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयल सीड एव ऑयल पाम) सीड के संबंध में जानकारी प्रदाय की जाएगी। साथ ही धान की डीएसआर पद्धति, पैडी ट्रांसप्लांटर से रोपाई की जानकारी तथा आवश्यकतानुसार कृषि आदानों (बीज, बीज मिनीकिट) का जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरण किया जाएगा।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई एवं कृषि सभापति सुलोचना कोरेटी सरपंच तरहूल, सुखचंद प्रजापति, डॉ. निशा यदु मृदा वैज्ञानिक कृषि महाविद्यालय कांकेर, डॉ. राहुल ठाकुर पशु चिकित्सा, धीरज उईके उद्यानिकी विभाग, निरंजन नरेटी कृषि विकास अधिकारी मनोहर चंद्रवंशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्राम के समस्त कृषक उपस्थिति में शुभारंभ किया गया।

# भाजपा नगर मंडल की नई टीम ने दंतेश्वरी मंदिर पहुंच किये दर्शन

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जगदलपुर नगर मंडल (पश्चिम) के नव नियुक्त पदाधिकारीयों ने आज दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयो से कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुये मंडल स्तर पर आने वाले समय में प्रदेश से निर्धारित होने वाले सभी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने का प्रयास करेंगे । संगठन को सशक्त बनाने में सभी कार्यकर्ताओं का समर्पण व सहयोग रहा है। एकजुटता के साथ सभी कार्य करेंगे। मंदिर दर्शन करने के दौरान भाजपा नगर मंडल की नवीन टीम में अध्यक्ष प्रकाश झा,उपाध्यक्ष सुधा मिश्रा, योगेश शुक्ला, शशि नाथ पाठक, दशरथ गुप्ता, महामंत्री द्वय संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा,मंत्री अविनाश गौतम, मायारानी बरई, गायत्री कश्यप ,सूर्यभूषण सिंह, कोषाध्यक्ष, आशा साहू, मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा, कार्यालय मंत्री दिलीप सुंदरानी, योगेश ठाकुर उपस्थित रहे।



# जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा 2025 का शुभारंभ शुक्रवार से हो रहा है। यह स्पर्धा 30 मई से 01 जून तक प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम के इन्डोर हॉल में संपन्न कराई जाएगी। नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे एवं अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन कल शाम 6 बजे स्पर्धा का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

इस स्पर्धा में बस्तर जिले के विभिन्न विकासखंडों से खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस तीन दिवसीय स्पर्धा में रोजाना सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक विभिन्न वर्गो के मुकाबले कराएं जाएंगे। स्पर्धा का समापान एवं पुरस्कार वितरण 01 जून की शाम किया जाएगा। मुख्य इवेंट अंडर 13 एवं अंडर 19 ब्यायस सिंगल्स, गर्ल्स सिंगल्स ओपन, ब्यायस सिंगल्स एवं डबल्स ओपन, सीनियर डबल्स चार वर्गो में 35+, 40+, 50+, 55+ में होगा। बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव राजेश त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी वर्ग के मुकाबले में न्यूनतम 8 एंट्रीज की आवश्यकता होगी अन्यथा तत्संबंधी वर्ग की प्रतियोगिता को रद्द कर दिया जाएगा। कोई भी खिलाड़ी 3 से ज्यादा वर्गों में भाग लेने की पात्रता नहीं रखेगा।

**21 जून की तैयारी पर बनी रणनीति**

# योग आयोग के अध्यक्ष ने योग पर की क्षेत्रवासियों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

योग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष रूपनारायण सिंहा का आगमन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुआ। क्षेत्र के राजनैतिक दल के लोगों के साथ- साथ सामाजिक लोगों ने भी भेंट करते हुए योग पर चर्चा किया गया।

योग आयोग के प्रदेशाध्यक्ष ने इस अवसर पर उपस्थितजनों से कहा कि योग न केवल शरीर का व्यायाम है, अपितु जीवन जीने की कला है। हमारी भारतीय संस्कृति में प्राचीनतम समय से लेकर आज तक योग की प्रशस्ति बनी हुई है। आज भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी योग का प्रयोग बढ़ा है, उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से आज योग को पूरे विश्व ने मान्यता दिया है। आने वाले 21 जून को योग दिवस है, जिसमें प्रत्येक नागरिकों को योग को आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सतीश लाटिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष डीगेश खापर्डे, समाज कल्याण विभाग के उपाध्यक्ष क्षमा शर्मा, वैद्यराज आहूजा, हेमप्रकाश शिवहरे, अभय पांडे, गजानंद डड़सेना, टीकम टांडिया, रत्नेश सिंह, जुगल किशोर शर्मा, ज्वाला जैन, राजा पांडे, संकेत नसीने, राजीव श्रीवास, आकाश सोलंकी, अंकुर शुक्ला, चैतुराम आंचला, जितेंद्र पांडे, नरोत्तम चौहान, रमल कोर्राम, योगेश सोनवानी, ईश्वर साहू, लक्ष्मण कुलदीप व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411